RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 126 • 19:05:2024 • रविवार • मूल्य : 5/-

## बड़ी उपलब्धि! अब बिना वीजा के भी जा सकेंगे रूस

● कर सकेंगे मॉस्को और सेंट पीट्सबर्ग की खूबसूरती का दीदार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और रूस की मित्रता पूरी दुनिया में मशहूर है। जब-जब संकट आया है दोनों देशों ने एक-दूसरे की मदद की है। अब इस दोस्ती में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। दोनों देश अपने लोगों को वीजा फ्री टूरिस्ट एंट्री देने की कार्य



योजना पर काम कर रहे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि 2024 में इसे मूर्त रूप दिया जा सकता है। एक रूसी मंत्री के मुताबिक, रूस और भारत के बीच यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए द्विपक्षीय समझौते पर अगले महीने यानी जून में बातचीत शुरू होगी। आरटी न्यूज की एक रिपोर्ट में कहा गया रूसी मंत्री ने यह भी कहा कि मॉस्को और नई दिल्ली वीजा फ्री टूरिस्ट ग्रुप को एक-दूसरे देश में भेजने की योजना पर काम कर रहे हैं।

## वंदे भारत से लेकर शताब्दी तक, किसानों ने लगाया 'ब्रेक'

● घंटों की देरी से चल रहीं कई ट्रेनें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब में चल रहे किसानों के विरोध प्रदर्शन के कारण जम्मू-कश्मीर में रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों की देरी से चल रही हैं। दरअसल शंभू और



खनौरी सीमाओं पर अपने आंदोलन के सिलसिले में तीन किसानों को गिरफ्तार किया गया था। अब उनकी रिहाई की मांग को लेकर शंभू रेलवे स्टेशन के पास पटरियों पर किसानों का एक समूह धरना दे रहा है। इस धरन को शुक्रवार को एक महीना पूरा हो गया। वहीं इस इलाके में चल रहे किसान आंदोलन को 22 मई को 100 दिन पूरे हो जाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) और एसकेएम (गैर-राजनीतिक) के बैनर तले 17 अप्रैल को धरना शुरू किया गया था।

## नेहरू के समय कब्जाई जमीन पर मॉडल गांव बना रहा चीन

● विदेश मंत्री का बड़ा दावा, 1959 में किया था कब्जा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को दावा किया कि चीन उस जमीन पर मॉडल गांव बना रहा है जो उसने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के कार्यकाल के दौरान कब्जाई थी। एक इंटरव्यू में विदेश मंत्री ने भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर चीनी



आक्रमण के कारण देश की जमीन खोने का आरोप लगाया। विपक्ष लगातार आरोप लगा रहा है कि चीन अरुणाचल प्रदेश के पास मॉडल गांव बना रहा है और पूर्वी लद्दाख में भी जमीन छीन रहा है। इन आरोपों के जवाब में जयशंकर ने कहा कि जिस क्षेत्र में गांव बनाया जा रहा है, उस पर 1950 के दशक के अंत में चीन ने कब्जा कर लिया था। तब नेहरू प्रधानमंत्री थे। एस जयशंकर ने बताया कि जो गांव विवाद का विषय बना वह लोंगजू नाम की जगह पर है। अगर आप भारतीय संसद के रिकॉर्ड देखें या चीन के साथ हमारी सीमा समस्या पर कोई किताब पढ़ें तो पता चलता है कि चीन ने 1959 में लोंगजू पर कब्जा कर लिया था।

चारधाम यात्रा

## अब पुलिस चैक पोस्ट पर ही भक्तजन होंगे 'स्टॉप'

### यात्रा के लिए अनिवार्य हुआ ऑनलाइन-ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन

देहरादून (एजेंसी)। चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए बड़ा अपडेट सामने आया है। रजिस्ट्रेशन के बिना किसी भी भी भक्तजन को यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। दूसरी ओर, पुलिस-प्रशासन की ओर से यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के रजिस्ट्रेशन चैक करने के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। विदित हो कि 10 मई से शुरू चारधाम यात्रा में तीर्थ यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है।

चारधाम यात्रा के दौरान वाहनों की भीड़ को कम करने के लिए हरिद्वार में भी पहली बार रजिस्ट्रेशन चेक किए जाएंगे। रजिस्ट्रेशन नहीं होने वाले वाहनों को वापस लौटाया जाएगा। इसके लिए पुलिस की ओर से तीन



चेक पोस्ट बनाए जा रहे हैं। इनमें पहला चेक पोस्ट नारसन, दूसरा पंतद्वीप और तीसरा चेक पोस्ट सप्तऋषि पर बनाया जाएगा। इसके अलावा नेपाली फार्म में भी हरिद्वार के 25 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। जो बिना वजह चारधाम यात्रा मार्ग पर जाने वाले वाहनों को वापस भेजेंगे। हरिद्वार डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल, डीएम देहरादून सोनिका, एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र डोभाल और एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने तीन पानी हरिद्वार रोड (नेपाली फार्म हाउस) पर बनाए गए स्टॉपेज केंद्र का भौतिक रूप से निरीक्षण किया। इसके साथ ही अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। हरिद्वार से चारों धामों के लिए जाने वाला ट्रैफिक हरिद्वार से गुजरने के बाद देहरादून स्थित नेपाली फार्म पर भी वाहनों को चेक किया जाएगा। पंजीकृत यात्री वाहनों को ही आगे भेजा जाएगा। इससे चार धाम यात्रा के दौरान पहाड़ी क्षेत्रों में लगने वाले जाम से निजात मिलेगी जिससे चार धाम यात्रा सरल और सुगम्य होगी। विदित हो कि यात्रा रूट पर तीर्थ यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। रायवाला स्थित तीन पानी पुलिया पर बने चारधाम यात्री स्टॉपेज सेंटर का शुक्रवार को डीएम देहरादून सोनिका और हरिद्वार डीएम धीराज गर्ब्याल ने निरीक्षण किया।

## इजरायल को गोला-बारूद देकर 'पुराना कर्ज' उतार रहा था भारत

● स्पेन ने दिया झटका, भारत के एक शिप को आगे बढ़ने की नहीं दी इजाजत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत से इजरायल के लिए रवाना हुए एक डेनिश फ्लैग्ड शिप को स्पेन ने अपने पोर्ट पर रोकने की इजाजत नहीं दी। इस शिप में लगभग 27 टन गोला-बारूद ले जाया जा रहा था। स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुएल अल्बेयर्स ने कहा कि पहली बार है जब



उनके देश ने इस तरह का कदम उठाया है। स्पेन की मीडिया के मुताबिक सरकार ने मैरियाने डेनिका नाम की शिप को इजाजत नहीं दी। चेन्नई से निकला यह शिप हाइफा के लिए रवाना हुआ था। इसमें 26.8 टन गोला-बारूद लादा गया था। भारतीय कंपनी सिद्धार्थ लॉजिस्टिक ने इसे इजरायल कार्गो लॉजिस्टिक के लिए भेजा था। पहली बार है जब स्पेन ने इजरायल के लिए गोला-बारूद के किसी शिप को रोका है। विदे मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जैसवाल ने कहा कि भारत को पता चला है कि एक शिव को स्पेन के पोर्ट पर रुकने की इजाजत नहीं मिली है।

## वोटिंग परसेंटेज बढ़ने पर 'संग्राम' फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा एडीआर

### सीजेआई चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा-जरूरत पड़ी तो रात भर सुनवाई के लिए बैठेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से फाइनल वोटिंग परसेंटेज में हुई बढ़ोतरी को लेकर जवाब मांगा है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी और इस पर सुनवाई हुई। एडीआर ने अपनी याचिका में आशंका जताई कि ईवीएम मशीनों को रिप्लेस किया जा सकता है ताकि फाइनल वोटिंग परसेंटेज बढ़ाया जाए। सोमवार से ही कोर्ट की गर्मी की छुट्टियों शुरू हो रही हैं लेकिन वेकेशन बेंच इस याचिका पर सुनवाई करेगी। वहीं चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने चुनाव आयोग को 24 मई तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। इसके अलावा कोर्ट ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो हम मामले की सुनवाई के लिए पूरी रात बैठेंगे। एडीआर ने अपनी याचिका में वोटिंग परसेंटेज को लेकर संदेह जताया है। साथ ही उसने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी संदेह जताया है। इसके अलावा एडीआर ने बैलट पेपर से वोटिंग करवाने की अपील की है। हालांकि चुनाव आयोग के वकील ने एडीआर की अर्जी पर सवाल खड़े किए। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि वेबसाइट पर मतदान के आंकड़ें डालने में क्या दिक्कत है। इस पर चुनाव आयोग के वकील ने कहा कि इसमें समय लगता है क्योंकि बहुत सारा डाटा इकट्ठा करना होता है।




## हरियाणा में चलती बस में लगी आग, 10 जिंदा जले

### 24 गंभीर, नूंह में दर्दनाक हादसा, बस में सवार थे 60 यात्री

**नूंह (एजेंसी)।** हरियाणा में शनिवार को दर्दनाक घटना हुई है। यहां नूंह में टूरिस्ट बस आग की चपेट में आई। इस घटना में बस के अंदर बैठे 10 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, वहीं 24 लोग गंभीर रूप से जल गए हैं। हादसे के समय बस के अंदर 60 लोग सवार थे। मौके पर पुलिस और अफसरों की टीम पहुंची है। झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी गंभीर यात्रियों को मेडिकल कॉलेज नलहड नूंह में भर्ती कराया गया है। मौके पर प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारी मौजूद हैं। बताया जा रहा है कि सभी यात्री आपस में रिश्तेदार थे और धार्मिक यात्रा पर निकले थे। वे लुधियाना और होशियारपुर के रहने वाले थे। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि हादसा देर रात लगभग डेढ़ बजे हुआ। टूरिस्ट बस में आग लगी। बस में सवार यात्री उत्तर प्रदेश के मथुरा- वृन्दावन से दर्शन करने गए थे और वहीं से वापस पंजाब-हरियाणा की तरफ लौट रहे थे। बस कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस पर थी। रात का समय था और ड्राइवर तेज रफ्तार में बस चला



रहा था। बस में आग कैसे और किस समय लगी उसे जानकारी नहीं हुई। कुछ ही पल में बस ने भयावह आग पकड़ ली। देर रात होने के कारण ज्यादा लोग हाईवे या आसपास मौजूद नहीं थे।

## चंद्रयान-3 के बाद अब मंगलयान-2 की बारी

● इसरो जल्द ही करने वाला है एक और नया कारनामा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) जल्द ही नया ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित करने वाला है। अब मंगल ग्रह पर रोवर और हेलीकॉप्टर उतारने का टारगेट है। इस प्रयास में अब तक केवल अमेरिका और चीन को ही सफलता मिली है। ऐसे में अंतरिक्ष की दुनिया में बड़े खिलाड़ी के रूप में भारत अपनी पहचान बनाएगा। इसरो के इस नए प्रोजेक्ट का नाम मंगलयान-2 रखा गया है। नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर स्पेस एप्लीकेशन सेंटर में इस बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यह अपने आपमें अभूतपूर्व मिशन है, जिसे इसरो की ओर से डेवलप भारत के सबसे भारी रॉकेट- लॉन्च व्हीकल मार्क का इस्तेमाल करके सतह से लॉन्च किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, एयरबैग और रैंप जैसे पारंपरिक तरीकों को अलविदा कहने का यह समय है। इसरो का रोवर एडवांस्ड स्काई क्रेन के जरिए मंगल ग्रह पर लैंड करने के लिए तैयार है।

## केजरीवाल के पीए बिभव कुमार सीएम आवास से हुए गिरफ्तार

### स्वाति मालीवाल 'पिटाईकांड' में दिल्ली पुलिस का बड़ा ऐक्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार को आम आदमी पार्टी (आप) सांसद स्वाति मालीवाल से कथित मारपीट के मामले में दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लेने के बाद गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली पुलिस की टीम बिभव कुमार को पूछताछ के लिए सिविल लाइंस थाना लेकर आई है। पुलिस ने बताया कि उन्हें शनिवार को दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में पेश किया जाना है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बिभव कुमार को दिल्ली पुलिस की एक टीम ने दोपहर के आसपास मुख्यमंत्री आवास से हिरासत में लिया था। बिभव कुमार को गिरफ्तार किए जाने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) सांसद राघव चड्ढा भी सिविल लाइंस थाने पहुंच गए हैं।



हालांकि, बिभव कुमार के वकील करण शर्मा ने कहा कि हमें अभी तक पुलिस से कोई जानकारी नहीं मिली है। हमने उन्हें एक ई-मेल भेजा है कि हम जांच में सहयोग करने को तैयार हैं। साथ ही पुलिस को बिभव की शिकायत का भी संज्ञान लेना चाहिए।

## अनुच्छेद 370 की जो दीवार थी उसे कब्रिस्तान में गाड़ दिया

● चुनावी रैली में खूब गरजे पीएम मोदी, इंडिया गठबंधन को जमकर सुनाया

**मुंबई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार शाम को मुंबई के शिवाजी पार्क में सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, ये निराशा के गर्त में डूबे हुए वो लोग हैं, जिनको अनुच्छेद 370 का हटना भी असंभव लगता था। आज हमारी आंखों के सामने अनुच्छेद 370 की जो दीवार थी, उसे हमने कब्रिस्तान में गाड़ दिया है और जो ये सपने संजो रहे हैं कि वे कभी 370 का पुनर्जागरण करेंगे, फिर से लाएंगे तो वो कान खोलकर सुन लें। दुनिया की कोई ताकत दोबारा 370 नहीं ला सकती है।



पीएम मोदी ने कहा, एक तरफ मोदी के पास 10 साल का रिपोर्ट कार्ड है और 25 साल का रोडमैप भी है। दूसरी तरफ गठबंधन वालों के पास क्या है- जितने लोग उतनी बातें। जितने दल उतनी घोषणाएं और जितने दल उतने प्रधानमंत्री। उन्होंने कहा कि आज दुनिया का आधुनिकतम इंफ्रास्ट्रक्चर मुंबई को मिल रहा है।

## परिवर्तन नहीं आया तो बहुत खतरनाक और भयावह होगा पश्चिम बंगाल

### चुनाव प्रचार में कूदे फिल्म ऐक्टर मिथुन चक्रवर्ती, किया बड़ा दावा

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती शुक्रवार शाम चुनावी जनसभा में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे जनसमर्थन देखकर सकारात्मक भावनाएं आ रही हैं। मिथुन ने कहा, मैं यहां पर जो जन-समुद्र देख रहा हूं उससे बहुत ही पॉजीटिव फिलिंग आ रही है। कौन क्या करता है और क्या बोलता है, ये सब नहीं... मैं एक्टर हूं और लोगों की बॉडी लैंग्वेज देखता रहता हूं। उन्होंने कहा कि राजनीति में आरोप लगाना कोई नई बात नहीं है। हम उससे हटकर कितना आगे जाएंगे, यह बड़ी बात है। मिथुन चक्रवर्ती से पूछा गया कि आप क्या मैसेज देना चाहेंगे। इसके जवाब में उन्होंने कहा, बंगाल में परिवर्तन लाना बहुत जरूरी है और अगर अबकी बार नहीं आया तो इसके बाद का जो पश्चिम बंगाल होगा, वो बहुत खतरनाक होगा। बता दें कि पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में 7 सीटों पर मतदान होना है। इसमें 1.25 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पांचवें चरण में सात संसदीय क्षेत्रों में 88 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।



इससे पहले चौथे चरण में 13 मई को छिटपुट हिंसा के बीच 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि 20 मई को 88 उम्मीदवारों में से 7 विजेताओं का चुनाव करना हैं।

सियासत के 'खेल' में उलझा प्रज्वल रेवन्ना सेक्स कांड

## कुमारस्वामी को फंसाना चाहते हैं डीके, दिया 100 करोड़ का ऑफर

### भाजपा नेता का बड़ा आरोप, कर्नाटक सेक्स स्कैंडल केस में और खुल रहीं परतें

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** जेल में बंद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता जी देवराजेगौड़ा ने आरोप लगाया कि उन्हें कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने जेडीएस के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी पर हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना द्वारा यौन उत्पीड़न वीडियो वाले पेन ड्राइव लीक करने का आरोप लगाने के लिए 100 करोड़ रुपये की पेशकश की गई थी। जमानत पर सुनवाई के बाद शुक्रवार को हासन में मीडिया से बात करते हुए देवराजेगौड़ा ने कहा, उन्होंने मुझे 100 करोड़ रुपये की पेशकश की थी। बेंगलुरु के बॉरिंग क्लब के कमरा नंबर 110 में एडवांस के तौर पर पांच करोड़ रुपये भेजे गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि डीके शिवकुमार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि खराब करना चाहते हैं और कुमारस्वामी की प्रतिष्ठा खराब करना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि कृषि मंत्री एन चालुवरायस्वामी, राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा और ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री प्रियांक खड़गे समेत चार मंत्रियों की एक समिति पूरे मामले को संभाल रही है। लोकसभा चुनाव के लिए कर्नाटक में भाजपा और जद (एस) गठबंधन सहयोगी हैं।





## संक्षिप्त समाचार

### पटना के कई इलाकों में बिजली हो रही ट्रिप

**पटना।** भीषण गर्मी में सुबह से कई मोहल्ले की बिजली गुल हो रही है। विभाग की ओर से बिजली कट की जानकारी नहीं मिलने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पटना समेत बिहार के कई जिले भीषण गर्मी और लू के चपेट में है। भीषण गर्मी से बच्चे बड़े समेत अन्य लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। इस स्थिति में बिजली का कट हो जाना शहरी क्षेत्र के लोगों के लिए परेशानी बढ़ रही है। वहीं, पटना के कई इलाकों में सुबह से बिजली पावर प्रत्येक पांच मिनट में कट हो रही तो कहीं फ्यूज कॉल उड़ जा रहे हैं। लो वोल्टेज से भीषण गर्मी में लोगों की परेशानी बढ़नी शुरू हो गई है। इसके बावजूद विभाग की तत्परता नहीं दिखने से बिजली उपभोक्ताओं में गुस्सा दिख रहा है। हालांकि बिजली विभाग के कर्मी के मुताबिक लोड शेटिंग के कारण बिजली कट हो जा रही है। कई इलाकों में गर्मी के कारण ट्रांसफॉर्मर में आग भी लग रही है। हालांकि इसके लिए टीम तैनात है। कर्मियों को सख्त हिदायत दी गई है कि बिजली कट जैसी समस्या होने पर जल्द ही निदान किया जा रहा।

### एटीएम लूटने का प्रयास करने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार, पुलिस कर रही पूछताछ

**पटना।** 17 मई को समय चार बजे बैंक के हेड क्वार्टर से पुरंदर पुर केनरा बैंक एटीएम में दो युवक के घुसकर एटीएम के साथ छेड़छाड़ करने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही तत्काल जक्कनपुर थाना वहां पहुंची। तब तक एटीएम से दोनों आरोपी फरार हो गए थे। कैश सुरक्षित पाया गया। पुलिस ने फुटेज के आधार पर कार्रवाई की। फ़ुटेज के आधार पर अपराधियों को चिन्हित कर एटीएम में घुसने वाले दोनों राहुल कुमार पिता परशुराम प्रसाद तथा मुना चौधरी पिता कामेश्वर चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों की गिरफ्तारी साकिन पुरंदपुर थाना जक्कनपुर को दुपुलवा के पास से हुई है। पटना के एसएसपी राजीव मिश्रा ने जानकारी दी है कि इन दोनों ने एटीएम से निकलने के बाद दो पुलवा के पास एक टेम्पोचालक से मार पीट की। दोनों ने मिल कर ड्राइवर को खूब मारा भी। इसके लिए अलग एक एफआईआर दर्ज किया गया है।

### केवी के छात्र अपने स्कूल में नहीं ले पाएंगे एडमिशन

**पटना।** केंद्रीय विद्यालय ने 11वीं कक्षा के नामांकन नियमावली में बदलाव किया है। इस बार पैरेंट्स को अपने बच्चों के एडमिशन में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। नई नियमावली के अनुसार केंद्रीय विद्यालय से 10वीं में पास विद्यार्थी खुद अपने ही स्कूल में दाखिला नहीं ले पाएंगे। अब केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 11 में हर सेक्शन में अधिकतम 40 छात्रों को ही नामांकन दिया जाएगा। पहले 11वीं में सीटों की संख्या फिक्स नहीं थी। अगर साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स में अलग-अलग 100-100 स्टूडेंट्स होते थे तो उनका एडमिशन हो जाता था। लेकिन नए नियम के तहत तीनों संकाय मिला कर 120 सीटों पर ही एडमिशन होगा। कक्षा 11वीं में नामांकन के लिए सभी छात्रों को ऑप्शन फॉर्म भरना होगा। केंद्रीय विद्यालय बेली रोड के प्राचार्य पी. के. सिंह ने बताया कि कक्षा 11वीं में नामांकन के लिए मेरिट लिस्ट छात्रों द्वारा कक्षा 10वीं के सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा में प्राप्त अंकों पर आधारित होगा। यदि किसी एक संकाय में सीट भर जाती है तो ऐसी परिस्थिति में रिक्त स्थान उपलब्ध रहने पर छात्र चाहे तो दूसरे संकाय में नामांकन के लिए आवेदन कर सकते है। पटना संभाग के सभी केंद्रीय विद्यालयों में संयुक्त मेधा सूची का प्रकाशन 27 मई को किया जाएगा। नामांकन के लिए संयुक्त मेरिट लिस्ट का निर्माण अपने विद्यालय के रजिस्टर्ड छात्र और केंद्रीय विद्यालय संगठन, पटना संभाग द्वारा आवंटित केंद्रीय विद्यालय के छात्रों से प्राप्त आवेदन और कक्षा 10वीं के CBSE बोर्ड में प्राप्त अंक के आधार पर बनाए जायेंगे। अपने छात्रों और आवंटित केंद्रीय विद्यालय के छात्रों को नामांकन देने के बाद हीं यदि सीट रिक्त रहता है, तो गैर-केंद्रीय विद्यालयों के छात्रों से आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे।

### पटना में बुजुर्ग महिला से चेन की छिनतई, चेन टूट कर साड़ी में फंस गई, बाइक सवार अपराधी मौके पर से भागे

**पटना।** पटना में चेन छिनतई का मामला बढ़ता ही जा रहा है। शनिवार की सुबह सरयुग वाटिका अपार्टमेंट ब्लॉक बी फ्लैट संख्या 304 की रहने वाली 62 वर्षीय वृद्ध महिला जयमोत्री देवी से चीन छिनतई की कोशिश की गई। मामला रूपसपुर थाना इलाके का है। बाइक सवार अपराधियों ने चेन छिनतई की कोशिश की है। सीसीटीवी में भी वीडियो कैद हो गया है। दरअसल, अपार्टमेंट के ब्लॉक ए के कैंपस में महिला जैसे ही पहुंची। बाइक सवार दो बदमाश कैंपस में आए और चेन छीनने की कोशिश की। लेकिन चेन टूट कर साड़ी में फंस गई। इसके बाद दोनों अपराधी फरार हो गए। वही कैंपस में टहल रहे एक व्यक्ति ने बाइक सवार अपराधियों को देख चिल्लाया भी। लेकिन, लोग नहीं रूके। घटना के बाद से बुजुर्ग जयमोत्री देवी भयभीत है। उन्होंने बताया कि फ्लैट में वह अकेली रहती है। इस घटना के बाद उन्हें घर से निकलने में भी डर लग रहा है। पीड़िता ने थाने में लिखित आवेदन दिया है। इस संबंध में अपार्टमेंट के सिक्रेटरी शैलेंद्र कुमार के कहा की आए दिन आसपास में छिनतई की घटना सुनने को मिलता रहता है। लेकिन आज हमारे अपार्टमेंट के कैंपस में घुसकर बाइक सवार अपराधियों ने चेन छिनतई की घटना को अंजाम दिया है। लेकिन वह कामयाब नहीं हो सका।

### पटना वीमेंस कॉलेज करा रहा शॉर्ट टर्म कोर्स

**पटना।** पटना वीमेंस कॉलेज में नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नोलॉजी एनहांस्ड लर्निंग (NPTEL) के तहत विभिन्न शॉर्ट कोर्स जारी किया गया है। इसमें कॉलेज की छात्राएं भी ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। कॉलेज ने अपनी वेबसाइट पर इसका लिंक डाला है। इसमें कई तरह के कोर्स हैं, जो दो सेट में आयोजित होंगे। इसके लिए आवेदन शुरू है, जो कि 29 जुलाई और 19 अगस्त तक चलेगी। इसमें एक सेट 22 जुलाई से शुरू होगा और दूसरा सेट 19 अगस्त से शुरू होगा। ये कोर्स 4, 8 हफ्ते और 12 हफ्ते के सेट में आयोजित होगी। सेट 1 में 4 हफ्ते के लिए कोर्स 22 जुलाई से शुरू होकर 16 अगस्त तक चलेगी। वहीं, 8 हफ्ते के लिए कोर्स 22 जुलाई से शुरू होकर 13 सितम्बर तक चलेगी। सेट 2 में 4 हफ्ते के लिए कोर्स 19 अगस्त से शुरू होकर 13 सितम्बर तक और 8 हफ्ते के लिए कोर्स 19 अगस्त से शुरू होकर 11 अक्टूबर तक चलेगी। वहीं, 12 हफ्ते वाला कोर्स 22 जुलाई से शुरू होकर 11 अक्टूबर तक चलेगी। इनमें एरोस्पेस, मेकेनिकल इंजीनियरिंग, एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, अप्लाईड मैथ्स, आर्किटेक्चर एंड प्लैनिंग, बायोलॉजिकल साइंस, बायो केमेस्ट्री एंड केमेस्ट्री, बॉयोटेक्नोलॉजी एंड बॉयोइंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग, केमेस्ट्री, सिविल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, अर्थ साइंस, इकोनामिक्स सहित कई अन्य कोर्स के बारे ने सिखाया जाएगा।

### राज्य प्रदूषण बोर्ड ने नगर निगम को दिया निर्देश

**चाणक्य भूमि बेतियानगर।** निगम द्वारा पिजुवा पोखर में कचरा डालने की शिकायत पर कालेज प्रशासन द्वारा नगरनिगम को पत्र लिखा गया था परंतु नगर निगम द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर प्राचार्य द्वारा राज्य प्रदूषण बोर्ड को भी शिकायत की गई थी जिसके आलोक में राज्य प्रदूषण बोर्ड के सचिव सदस्य एस. चंद्रशेखर ने नगर आयुक्त को पत्र जारी करते हुए नगर निगम से आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### बस और बाइक की टक्कर में दो की मौत

**चाणक्य भूमि बगहा।** शुक्रवार की शाम बगहा में बस और बाइक के बीच टक्कर हो गई जिसमे बाईक सवार दोनों व्यक्ति की मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान इकबाल आलम और जीवंत कुमार के रूप मे हुई है जो चौतरवा थाना के सिकतौर गांव के निवासी थे। घटना की सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा पहुँचाया जहां एक को बेतिया रेफर कर दिया गया है जबकि एक की मौत हो चुकी है। बेतिया ले जाने के क्रम में दूसरे की मौत भी रास्ते मे हो गई।

# ट्रक ने बाइक को रौंदा, एक की हुई मौत, दूसरा जख्मी

## आक्रोशित लोगों ने ट्रक में आग लगाई, 2 पुलिसकर्मी भी जख्मी



**एजेंसी, पटना।**

पटना के बसौढा गांव के समीप तेज रफ्तार बालू लदा ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया। मृतक की पहचान नौबतपुर थानाक्षेत्र के अदला गांव निवासी स्व.राजेश यादव के पुत्र अखिलेश कुमार के रूप में हुई है। जबकि घायल की पहचान अदला गांव निवासी रामाधार यादव के रूप में हुई है। घटना शनिवार को बिहटा-सरेमरा पथ पर हुई है। वहीं, लोगों को शांत कराने पहुंची पुलिस पर भी हमला हुआ है। दो पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।फिलहाल घटना के बाद आसपास के कई थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है।वहीं, डीएसपी पंकज मिश्रा ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुई है। जबकि दो लोग घायल हैं। दो पुलिसकर्मी भी जख्मी हैं। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

**ट्रक को फूंका:** इधर, मौत की सूचना मिलने के बाद आक्रोशित लोगों ने बिहटा - सरमेरा पथ पर शव को रख सड़क जाम कर दिया ।इसके साथ ही आक्रोशित लोगों ने बालू लदे ट्रक को आग के हवाले कर दिया। मौके से ट्रक चालक फरार हो गया। बीच सड़क पर ट्रक में आग लगने से यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। इससे सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

करीब दो घंटे तक सड़क जाम रखा गया। जिन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया गया है।

**पुलिस के खिलाफ नारेबाजी:** घटना के 2 घंटे बीतने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है। आक्रोशित लोगों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। गो बैक के के नारे लगाते रहे। गुस्साए लोगों ने कहा कि घटना के तीन घंटे के बाद पुलिस पहुंची है। हमे न्याय चाहिए। इसके साथ ही मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए। बिहटा डीएसपी पंकज कुमार मिश्र लोगों को समझाने की कोशिश में लगे हुए हैं।

# 10 दिन में फंड भेजें, वरना रुकेगी केके पाठक की सैलरी

**एजेंसी, पटना।**



❒ पटना HC का शिक्षा विभाग को निर्देश, यूनिवर्सिटी के खाते फ्रिज करने के आदेश पर रोक

पटना हाई कोर्ट ने शिक्षा विभाग को राज्य के विश्वविद्यालयों के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के स्वीकृत बजट का पैसा दस दिनों के भीतर जारी करने का आदेश दिया है। साथ ही कहा कि पैसा नहीं दिए जाने पर शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों के वेतन पर रोक लगा दी जाएगी। कोर्ट ने तीन विश्वविद्यालयों के खाता संचालन पर पाबंदी के शिक्षा विभाग के आदेश पर भी रोक लगा दी है पटना हाई कोर्ट ने सभी विश्वविद्यालयों के खातों के संचालन पर रोक लगाने और कुलपतियों के बैठक में भाग नहीं लेने के मामले पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिए हैं। जस्टिस अंजनी कुमार शरण की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई की। अगली सुनवाई 25 जून को की जाएगी। बता दें कि एसीएस केके पाठक के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों के बजट की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई थी। इसमें भाग नहीं लिए जाने पर विश्वविद्यालय के सभी खातों के संचालन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी।

**तीन यूनिवर्सिटी के खाते हुए थे फ्रिज:** कोर्ट मे विश्वविद्यालयों की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ प्रसाद, विंध्याचल राय, रितेश कुमार, राणा विक्रम सिंह, मो. असहर मुस्तफा, राजेश प्रसाद चौधरी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार ने 16 मई को पत्र जारी कर विश्वविद्यालयों के बजट की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई थी। इसमें भाग नहीं लिए जाने पर विश्वविद्यालय के सभी खातों के संचालन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। कोर्ट को बताया गया कि मौलाना मजहरुल हक अरबी-फारसी विश्वविद्यालय, पूर्णिया विश्वविद्यालय एवं मुंगेर विश्वविद्यालय के खातें को सीज किया गया है। शिक्षा विभाग ने तीनों विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से शो कॉज किया है।

# फतुहा में चुनाव पर्यवेक्षक ने डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

**एजेंसी, पटना।**

**साफ-सफाई, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश**

पटना साहिब संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत फतुहा में चुनाव पर्यवेक्षक शाहनवाज सी ने डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। डिस्पैच सेंटर के लिए पैरामीटर के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, पार्किंग, बिजली और रोशनी का जायजा लिया।

**वाहन कोषांग का भी निरीक्षण किया:** पर्यवेक्षक शाहनवाज सी ने बताया कि पुलिस बल, पीसीसी पार्टी, P1, P2, P3 के अलावा ईवीएम कमीशनिंग करने के लिए मानव बल के साथ-साथ सारी तैयारियों का जायजा लिया गया है। अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए अपना काम सही एवं सुचारू रूप से करें। इस दौरान वाहन कोषांग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि फतुहा विधानसभा क्षेत्र के लिए हाई स्कूल को डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। यहीं से चुनाव कराने के लिए पोलिंग पार्टियों को विभिन्न बूथों के लिए रवाना किया जाएगा। इसी सेंटर पर ईवीएम सीलिंग का भी काम होगा।

**चुनाव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है:** बता दें, कि ईवीएम फतुहा के हाई स्कूल में रखा गया है। 31 मई से सभी ईवीएम का कमीशनिंग शुरू किया जाएगा। आगामी 1 जून को मतदान होना है। जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। ईवीएम कमीशनिंग संग्रहण केन्द्र, पोलिंग पार्टी का डिस्पैच समेत की बिंदुओं पर डिस्कशन की जा रही है।

# दानापुर में जेडीयू कार्यकर्ताओं की हुई बैठक, रामकृपाल यादव पर चुनाव कार्य से अलग रखने का आरोप

## कहा- कोई जानकारी तक नहीं दी जा रही है

**एजेंसी, पटना।**



पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी रामकृपाल यादव पर जेडीयू के कार्यकर्ताओं ने चुनाव कार्य से दूर रखने का आरोप लगाया है। इस संबंध में दानपुर में नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई। जिसमें दानापुर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर पूर्व राज्य परिषद जय प्रकाश सिंह ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी की ओर से नामांकन और जनसंपर्क अभियान समेत अन्य चुनाव कार्य को लिए कोई सूचना तक नहीं दिया जा रहा है।

**जेडीयू कार्यकर्ताओं को कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है:** वहीं, पटना महानगर उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि जदयू कार्यकर्ताओं को चुनाव कार्य से अलग रखा जा रहा है। किसी भी जेडीयू के कार्यकर्ताओं को कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है और ना ही इसको लेकर कोई बात की गई है। नॉमिनेशन में चलने के लिए बोला तो गया लेकिन कैसे चलना और और कब चलना है यह नहीं बताया गया। जैसे दूसरे विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव को लेकर कमेटी बनाई गई है। इसी तरह यहां भी एनडीए की कमिटी बनाना चाहिए।

**एनडीए प्रत्याशी ने बैठक तक नहीं की:** नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि वोटिंग में बहुत कम समय बचा हुआ है। इसके बाद भी अभी तक एनडीए प्रत्याशी द्वारा जदयू कार्यकर्ताओं के साथ कोई बैठक नहीं कई गई है। हमलोग बैठक करने और चुनावी रणनीति तय करने की मांग कर रहे हैं, ताकि चुनाव में कंधे से कंधे मिलकर काम कर सकें। बैठक में जदयू नेत्री केवलापति देवी, किशोर कुमार सिन्हा, अशोक सिंह, रिंकी कुशवाहा, भोला, रमेश, कृष्ण विश्वकर्मा, राज कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, राजेश कुमार, विनोद कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरकारी स्कूलों के टाइमिंग को लेकर बढ़ा विवाद, राज्य मानवाधिकार आयोग तक पहुंचा मामला

## समय बदलने और तत्काल संज्ञान लेने की मांग

**एजेंसी, पटना।**



बिहार में सरकारी स्कूलों के टाइमिंग को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। नई टाइमिंग को लेकर शिक्षकों में आक्रोश है। मामला बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग तक पहुंच गया है।

**मामला बच्चों के जीवन सुरक्षा से जुड़ा है:** पटना के सोशल एक्टिविस्ट विकास चंद्र ने मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही संवेदनशील मामला है। जो बच्चों के जीवन सुरक्षा से जुड़ा है। यह मानवाधिकार हनन की श्रेणी में आना चाहिए। आम नागरिकों को गहरी नींद लेने का मौलिक अधिकार है। शिक्षा विभाग के पत्र को स्कूली बच्चों के बचपन से खिलवाड़ किया जाना माना जाना चाहिए।

**छोटे बच्चों के मौलिक अधिकारों को रौंदा जा रहा है:** सुबह 6 बजे स्कूल जाने के लिए बच्चों को 5 बजे जगना पड़ता है। दोपहर 12:00 बजे तक विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य करना फिर भीषण गर्मी के बीच विद्यालय से वापस घर लौटना। इसे जीवन से खिलवाड़ के साथ इन छोटे बच्चों के मौलिक अधिकार को रौंदने के सदृष्य माना जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि बच्चों के कष्ट को ध्यान में रखते हुए इस पर संज्ञान लेना चाहिए। संबंधित विभाग और जिम्मेवार अधिकारियों को निर्देश देने की कृपा करें, ताकि बच्चों के अधिकारों की रक्षा हो सके।

**सीएम को लिखा था पत्र:** इससे पहले शिक्षक संघ ने सीएम और 5 विधान पार्षदों ने शिक्षा मंत्री को पत्र लिखा था। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव व पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने सीएम नीतीश कुमार से शिक्षा विभाग के असंवेदनशील, अव्यवहारिक और मुख्यमंत्री को भी कलंकित करने वाले आदेश को तुरंत निरस्त करने की अपील की थी। साथ ही मुख्यमंत्री से उन्होंने कहा था कि शिक्षा विभाग आपको भी शारीरिक, मानसिक और राजनीतिक रूप से स्वस्थ नहीं होने देने का संकल्प ले रखा है।

# पटना में प्रिंसिपल ने आयुष को गटर में डाला था, बच्चे के सिर पर चोट लगी

**एजेंसी, पटना।**



❒ खून देखकर डरीं तो गटर में फेंका, बेटे समेत गिरफ्तार

पटना के टिनी टॉट एकेडमी स्कूल में 4 साल के आयुष की हत्या के मामले में पुलिस ने प्रिंसिपल और उसके बेटे को गिरफ्तार किया है। बेटा स्कूल संचालक है। पुलिस पूछताछ में प्रिंसिपल वीणा झा उर्फ पुतुल झा ने बताया कि स्कूल में खेलते वक्त आयुष स्लाइडर से गिर गया था। वो बेहोश हो गया था, उसके सिर में चोट लगी थी। उन्होंने कहा कि खून ज्यादा बह रहा था। हम डर गए थे। मैंने अपने बेटे धनराज झा (21) को बताया। हम दोनों ने मिलकर पहले खून के धब्बे हटाए फिर आयुष को गटर में फेंक दिया। हमें लगा किसी को कुछ पता नहीं चलेगा। हम बच जाएंगे। गुरुवार देर रात करीब 3 बजे आयुष का शव मिला था। क्लास रूम के अंदर ही गटर में उसकी डेड बॉडी तैर रही थी। वो इसी स्कूल में और इसी क्लास रूम में नर्सरी में पढ़ता था। बेटे की मौत के बाद मां का रो-रोकर बुरा हाल है। मां बताती है कि उसने चीनी-भात खिलाकर उसे स्कूल भेजा था। गुरुवार सुबह 7 बजे स्कूल जाते वक्त कहने लगा, मां तुम आज मत जाओ। दादी को बैग दे दो। आज वो मुझे छोड़ेगी। दादा-दादी उसे बस तक छोड़ने गए थे। 12 बजे आयुष का स्कूल खत्म होता था फिर वह डेढ़ बजे से इसी स्कूल में कोचिंग पढ़ता था। 3 बजे के बाद वो घर लौटता था, लेकिन उस दिन नहीं लौटा। साढ़े 3 बजे स्कूल से पिता को फोन आया कि आपका बच्चा नहीं मिल रहा है। बस के ड्राइवर ने कहा कि मैंने स्कूल में छोड़ा है।

प्रिसिंपल ने परिवार के सामने CCTV खोलकर रख दिया। जिसमें 10 मिनट का फुटेज गायब मिला। आयुष की 5 साल की बहन भी उसके साथ उसी स्कूल में पढ़ती थी।

**ससुरालवालों पर बहू की हत्या का आरोप**

# हाजीपुर में संदिग्ध हालत में महिला की मौत, 6 साल पहले हुई थी शादी

**एजेंसी, हाजीपुर।**



हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव से सदर थाना पुलिस ने एक विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि मायके वालों ने पारिवारिक विवाद में हत्या किए जाने का आरोप सुसराल वालें पर लगाया है। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर निवासी वीरचंद राम के बेटे सोनू कुमार राम की पत्नी पूजा कुमारी के रूप में हुई है। उसकी शादी छह साल पहले हुई थी और तीन छोटे छोटे बच्चे भी हैं। पति चेन्नई के किसी कंपनी में मजदूरी करता है। इधर, घटना की सूचना ससुराल वाले ने महिला के मायके वालों को दी थी कि पूजा बीमार है। जल्दी आ जाइए, जब वे लोग उसके घर पहुंचे तो घर पर शव पड़ा था और शव दफनाने जाने की तैयारी चल रही थी। हालांकि घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची। ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हो गए। सदर थाना अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने बताया कि एक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मामला स्पष्ट हो सकता है कि महिला की मौत कैसे हुई है।

**बेटे को CM बनाने के लिए लालू एक्सरसाइज कर रहे, हाजीपुर में गिरिराज सिंह का हमला**

# कहा-देश को मुस्लिम राष्ट्र बनाना चाहती राजद

**एजेंसी, हाजीपुर।**



हाजीपुर संसदीय क्षेत्र से एनडीए समर्पित प्रत्याशी चिराग पासवान के पक्ष में चुनाव प्रचार करने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के लालगंज स्थित नुनू बाबू चौक पहुंचे। गिरिराज सिंह ने कहा कि लालू प्रसाद यादव देश को मुस्लिम राष्ट्र बनाना चाह रहे हैं। जैसे पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज को बना दिया है, इस तरह से हाजीपुर को भी बना देंगे। हाजीपुर संसदीय क्षेत्र के 6 विधानसभा में आज शाम के छः बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। चुनाव प्रचार का आज आखिरी दिन है, जिसको लेकर जिसको लेकर चिराग पासवान के पक्ष में एनडीए के कई केंद्रीय मंत्री विधायक समेत एनडीए कार्यकर्ता अलग-अलग जनसभा कर रहे हैं। लालगंज नुनु बाबू चौक स्थित एनडीए की जनसभा में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, स्थानीय लालगंज विधायक संजय सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे। चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि लालू प्रसाद यादव लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ रहे हैं बल्कि आगामी 2025 की होने वाली विधान सभा चुनाव में अपने बेटा को सीएम बनाने के लिए एक्सरसाइज कर रहे हैं। और राजद उम्मीदवारों को बलि का बकरा बनाया गया है। गिरिराज सिंह ने कहा कि अति पिछड़ों की नौकरी को छीन कर लालू प्रसाद यादव मुसलमानों को देना चाह रहे हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि लालू प्रसाद यादव हिंदुस्तान को मुस्लिम राष्ट्र बनाना चाहते हैं। लालू प्रसाद यादव किशनगंज कटिहार पूर्णिया जैसे हाजीपुर को भी बना देंगे। इसलिए 24 में ही आप लोग पटकनिया दे दीजिए और नरेंद्र मोदी को पुनः पीएम बनाए।

संक्षिप्त समाचार

## कुढ़नी में डिफरियेंटेड टीबी केयर पर कार्यशाला

**मुजफ्फरपुर/कुढ़नी, एजेंसी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुढ़नी के साभागार में शुक्रवार को डिफरियेंटेड टीबी केयर पर कार्यशाला हुई, जिसका उद्घाटन जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ सीके दास, एपीएचसी तुर्की की चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुष्मिता पुष्पम, एपीएचसी मनियारी के चिकित्सा पदाधिकारी गौतम कुमार राकेश ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला में दिल्ली से पहुंचे चाई संस्था से रुद्रांशी वैष्णव, जिला को-ऑर्डिनेटर आशुतोष कुमार, राकेश वर्मा ने टेक्निकल पुटों को रखा। डॉ सीके दास ने टीबी मरीजों का 11 फिजिकल व पांच लैब टेस्ट करने की बिंदुवार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित सभी अतिरिक्त प्राथमिक केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर डिफरियेंटेड टीबी केयर का कार्यक्रम चलेगा। इस मौके पर प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक सह स्वास्थ्य प्रबंधक टप्पू गुप्ता, एसटीएस राजमोहन राम, एसटीएलएस शंभु ठाकुर, भंडारपाल प्रभुनंदन सिंह, फाइलेरिया इंचार्ज संजीत झा, एलटी राजकुमार चौधरी, विजय कुमार, एलटी, सीएचओ, जीएनएम, एनएनएम मौजूद थी।

## सड़क हादसे में रिटायर्ड शिक्षक के बेटे की मौत, बेलगाम ट्रक ने रौंदा

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर के पीरो थाना क्षेत्र के लमारी टोला के समीप शनिवार की सुबह बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार रिटायर्ड शिक्षक के पुत्र को रौंद दिया। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। वहीं घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान पीरो थाना के राजापुर गांव निवासी सह रिटायर्ड शिक्षक कन्हैया सिंह के बेटे राजू नंदन सिंह (24) के रूप में हुई है। इधर, मृतक के पिता सह रिटायर्ड शिक्षक कन्हैया सिंह ने बताया कि उनके रिश्तेदार सह उनके ही साथ रिटायर्ड हुए शिक्षक जनार्दन सिंह के चौथे पुण्यतिथि में शामिल होने के लिए शुक्रवार की शाम उनका पुत्र बाइक से पीरो थाना क्षेत्र के बंभवार गांव गया था। शनिवार की सुबह जब वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। उसी दौरान लमारी टोला के समीप बेलगाम ट्रक ने उसे रौंद दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण द्वारा फोन कर इसकी सूचना उन्हें दी। सूचना पाकर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए आरा अस्पताल ला रहे थे। तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बावजूद इसके परिजन उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है मृतक अपने तीन भाई व चार बहन में दूसरे स्थान पर था। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां शिवकुमारो देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



## बंदोबस्ती से होने वाली आमदनी कोषागार में जमा कराएंगे स्कूल

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** स्कूल की जमीन, तालाब, पोखर की वार्षिक बंदोबस्ती से होने वाली आमदनी राजकीय कोषागार में जमा होगी। स्कूल इस राशि का उपयोग नहीं करेंगे। सभी हेडमास्टर को इसको लेकर शिक्षा विभाग ने निर्देश दिया गया है। बैंक खातों में संचित एवं अव्यवहृत राशि को राज्य की समेकित निधि में जमा करने को लेकर सभी अधिकारियों और हेडमास्टर को निर्देश दिया गया है। विभाग की समीक्षा में यह पाया गया कि बेसिक स्कूलों में काफी संख्या में खाते खुले हुए हैं और उनमें राशि भी काफी जमा हुई हैं। जिन विद्यालयों में अत्यधिक जमीन होने के कारण अथवा तालाब-पोखर होने के कारण उसकी वार्षिक बंदोबस्ती बतौर मेला, कृषि कार्य, मछली पालन इत्यादि के तौर पर किया गया है, उसे सैरात के तौर पर आमदनी समझा जाए। यह बंदोबस्ती प्रधानाध्यापक की ओर से नीलामी बोलकर प्रति वर्ष की जाती है।

# प्रशांत किशोर से मिले पप्पू यादव, लोकसभा चुनाव के बीच बिहार का सियासी पारा हाई



**पूर्णिया, एजेंसी।** बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़े पप्पू यादव ने शुक्रवार को चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर से मुलाकात की। इस मीटिंग के बाद बिहार का सियासी पारा गर्मा गया है। चुनावी माहौल के बीच दोनों नेताओं के मिलने से राजनीतिक गलियारे में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। हालांकि, अभी तक दोनों नेताओं की ओर से मीटिंग के एजेंडे के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि, चर्चा है कि पप्पू यादव और पीके के बीच बिहार के मौजूदा राजनीतिक परिदृष्य और 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मंत्रणा हुई है।

पप्पू यादव ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया था। वे कांग्रेस के टिकट पर पूर्णिया से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन आरजेडी ने यह सीट अपने पास रख दी और विधायक बीमा भारती को कैंडिडेट बना दिया। इसके बाद पप्पू यादव निर्दलीय मैदान में उतर गए। हालांकि, इस चुनाव में वह कमाल कर पाएंगे या नहीं, यह तो 4 जून को नतीजे आने के बाद ही साफ हो पाएगा।

पप्पू यादव की बगावत के बावजूद कांग्रेस ने उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की। पूर्णिया में वोटिंग होने के बाद पप्पू यादव खुद को राहुल गांधी की पार्टी का सच्चा सिपाही बताते हुए कांग्रेस के लिए प्रचार में जुटे हैं। शुक्रवार को भी उन्होंने पटना साहिब में कांग्रेस प्रत्याशी अंशुल अभिजीत के समर्थन में प्रचार के लिए कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

वहीं, जनसुराज अभियान के प्रणेता प्रशांत किशोर लोकसभा चुनाव में कुछ खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। पहले चर्चा थी कि वह बिहार की कुछ सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार सकते हैं या फिर निर्दलीय कैंडिडेट को समर्थन दे सकते हैं। हालांकि, उनका पूरी तरह फोकस 2025 के विधानसभा चुनाव पर है। वे बिहार चुनाव से पहले जनसुराज को राजनीतिक दल में बदलकर मैदान में उतर सकते हैं।

साल 2020 में बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पप्पू यादव ने प्रशांत किशोर को साथ आने का निमंत्रण दिया था। उस समय पप्पू यादव जन अधिकार पार्टी के अध्यक्ष थे और किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं थे। उन्होंने कहा था कि बिहार की जनता नया गठबंधन चाहती है। पीके, कन्हैया कुमार जैसे नई सोच के नेता इसमें शामिल होने चाहिए। हालांकि, बाद में कन्हैया कुमार कांग्रेस में शामिल हो गए और पप्पू यादव ने भी अपनी पार्टी जाप का विलय लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस में कर दिया था।



## लखीसराय में आपसी रंजिश में फायरिंग, एक महिला की मौत, दूसरी की हालत नाजुक

**लखीसराय, एजेंसी।** लखीसराय में अपराधियों ने दो महिलाओं को गोली मार दी है। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे की हालत गंभीर है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में लाया गया है। मृत महिला की पहचान लालू यादव की पत्नी बसंती देवी (25) के रूप में हुई है। वहीं जख्मी की पहचान रामजी यादव की पत्नी लाछो देवी (70) के रूप में हुई है। घटना नगर थाना क्षेत्र के धर्मरायचक मोहले की है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी पंकज कुमार, एसडीपो शिवम कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गए है। एसपी पंकज कुमार ने बताया कि 2022 से ही इलाके के अवध यादव और अशोक साव के बीच आपसी विवाद चला आ रहा है। कुछ लोग जमीन विवाद की बात करते हैं, लेकिन मवेशी को लेकर भी पहले भी विवाद हो चुका है। तीन दिन पहले एक नवजात बच्ची को भी सिर में गोली मारी गई थी। दूसरे दिन भी एक युवक के साथ मारपीट की गई थी। एसपी पंकज कुमार ने बताया कि आज शनिवार की सुबह अशोक साव अपने भाइयों के साथ मिल कर अवध यादव के रिश्तेदार जीतो यादव के घर पहुंचा और फायरिंग की।

## 10 दिन में फंड भेजें, वरना रुकेगी केके पाठक की सैलरी, पटना हाई कोर्ट का शिक्षा विभाग को निर्देश

### यूनिवर्सिटी के खाते फ्रिज करने के आदेश पर रोक



**पटना, एजेंसी।** पटना हाई कोर्ट ने शिक्षा विभाग को राज्य के विश्वविद्यालयों के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के स्वीकृत बजट का पैसा दस दिनों के भीतर जारी करने का आदेश दिया है। साथ ही कहा कि पैसा नहीं दिए जाने पर शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों के वेतन पर रोक लगा दी जाएगी। कोर्ट ने तीन विश्वविद्यालयों के खाता संचालन पर पाबंदी के शिक्षा विभाग के आदेश पर भी रोक लगा दी है पटना हाई कोर्ट ने सभी विश्वविद्यालयों के खातों के संचालन पर रोक लगाने और कुलपतियों के बैठक में भाग नहीं लेने के मामले पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिए हैं। जस्टिस अंजनी कुमार शरण की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई की। अगली सुनवाई 25 जून को की जाएगी। बता दें कि एसीएस केके पाठक के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों के बजट की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई थी। इसमें भाग नहीं लिए जाने पर विश्वविद्यालय के सभी खातों के संचालन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी।

### तीन यूनिवर्सिटी के खाते हुए थे फ्रिज

कोर्ट मे विश्वविद्यालयों की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ प्रसाद, विंध्याचल राय, रितेश कुमार, राणा विक्रम सिंह, मो. असहर मुस्तफा, राजेश प्रसाद चौधरी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार ने 16 मई को पत्र जारी कर विश्वविद्यालयों के बजट की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई थी। इसमें भाग नहीं लिए जाने पर विश्वविद्यालय के सभी खातों के संचालन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। कोर्ट को बताया गया कि मौलाना मजहरुल हक अरबी-फारसी विश्वविद्यालय, पूर्णिया विश्वविद्यालय एवं मुंगेर विश्वविद्यालय के खातें को सीज किया गया है। शिक्षा विभाग ने तीनों विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से शो कॉज किया है। विभाग ने यह पूछा है कि क्यों नहीं उन्हें पदच्युत करने की कार्रवाई प्रारंभ की जाए।

## बाल-बाल बचे चिराग पासवान; चुनावी रैली में टला हादसा, धराशायी होने वाला था कई फीट ऊंचा मंच



**सीतामढ़ी, एजेंसी।** सीतामढ़ी के नरंगा में चुनावी रैली के दौरान लोजपा (आर) के अध्यक्ष चिराग पासवान बाल-बाल बच गए। जब चुनावी सभा के दौरान एक बड़ा हादसा टल गया। दरअसल जब चुनावी सभा खत्म हो गई तब सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए बड़ी संख्या में लोग मंच पर पहुंच गए। नरंगा उत्तरी पंचायत के मुखिया व मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष भारत भूषण समेत दर्जनों लोग सभा के अंत में लोजपा में शामिल हुए। चिराग पासवान ने तमाम लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसी बीच तरतराहट की आवाज आई और मंच करीब 4 इंच नीचे धंस गया। हालांकि कई फीट ऊंचा मंच पूरी तरह धराशाई नहीं हुआ। इस घटन में किसी को कोई चोट नहीं आई है। वहीं चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि देश पर इमरजेंसी थोपने वाले आज लोकतंत्र व संविधान बचाने की बात कर रहे हैं। लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण पर विपक्षी दल झूठ फैला रहे हैं। असल में लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण को विपक्षी दलों से खतरा है। शुक्रवार को परिहार के नरंगा गांव में जदयू प्रत्याशी देवेशचंद्र ठाकुर के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा में लोजपा आर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने लोगों से देवेश चंद्र ठाकुर को वोट देकर जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चाहते हैं कि सीतामढ़ी में माता सीता का भव्य मंदिर बने। विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत है, तो यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि देवेश चंद्र ठाकुर की जीत से न सिर्फ नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे, बल्कि इससे नीतीश कुमार, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी एवं उपेंद्र कुशवाहा को भी मजबूती मिलेगी। सभा को विधान पार्षद रेखा कुमारी, पूर्व विधायक रामनरेश यादव, ऋषिकेश झा, रामजीवन प्रसाद, बिकाऊ महतो आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोजपा प्रखंड अध्यक्ष बेचू पासवान ने तथा संचालन बथुआरा पंचायत के मुखिया धनेश्वर पासवान ने किया।

# मुरौल में पिलखी के किसान की हत्या कर फेंका



**मुजफ्फरपुर/मुरौल, एजेंसी।** मुरौल में बदमाशों ने किसान की हत्या कर शव को कृषि फार्म की चहारदीवारी से सटे बूढ़ी गंडक नदी बांध किनारे फेंक दिया। वह गुरुवार की शाम मवेशी के लिए बाइक से चोकर लाने गया था। शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों की शव पर नजर पड़ी तो इलाके में सनसनी फैल गई। उसकी पहचान पिलखी पंचायत के पिलखी जुरावनपट्टी गांव के स्व. ढोढा राम के पुत्र शिवजी राम (45) के रूप में की गई है। उसके सिर पर गहरे चोट का निशान है। सूचना पर दलबल के साथ पहुंचे सकरा थानाध्यक्ष ने छानबीन की। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। शिवजी राम के पुत्र ओमप्रकाश कुमार ने पुलिस को बताया कि गुरुवार शाम मवेशी के लिए चोकर लाने के लिए पापा बाइक से पिलखी चौक गए थे। उसने आशंका जताई है कि बदमाशों ने अगवा कर 70 हजार नकद, बाइक व मोबाइल लूट कर उनकी हत्या कर दी है। शव को मुरौल कृषि फार्म के पास गंडक नदी बांध किनारे फेंक दिया। उसने बताया कि पापा किसानी के अलावा मवेशी खरीद-बिक्री का काम भी करते थे।

### मुजफ्फरपुर-पूसा सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

पोस्टमार्टम के बाद शिवजी राम का शव गांव लाया गया। घटना से अक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने मुजफ्फरपुर-पूसा सड़क स्थित पिलखी पुल चौक पर शव रख दिया। उसके बाद टायर जलाकर प्रदर्शन किया। वे लोग अनुदान देने, बाइक, नकद, मोबाइल बरामद करने के साथ बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। जाम के कारण करीब एक घंटे तक मार्ग से आवागमन बाधित रहा। सूचना पर पंचायत की मुखिया डॉ प्रज्ञा कुमारी, सरपंच पति, सकरा थानाध्यक्ष ने पुलिस टीम के साथ पहुंचकर अक्रोशित लोगों को समझा कर शांत कराया।

### गुरुवार रात नौ बजे तक ऑन था मोबाइल

पुत्र ओमप्रकाश ने बताया कि गुरुवार रात करीब नौ बजे तक पापा का मोबाइल ऑन था। उसके बाद कभी पहुंच से बाहर तो कभी बंद बताने लगा। अनहोनी की आशंका को लेकर खोजबीन की गई, लेकिन सुराग नहीं मिला। शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि मुरौल में शव फेंका हुआ है। वहां पहुंचा तो शव की पहचान की। उसने बताया कि पापा ठेका और बंटाई पर जमीन लेकर खेती करते थे, जिसके कारण पापा के बटुआ में हमेशा साठ से 70 हजार रुपए रहता था। पैर की अंगुली, सिर के अलावा कई जगहों पर जख्म के निशान से प्रतीत होता है कि, उनकी बेरहमी से हत्या की गई है। इधर, सकरा थानाध्यक्ष राजू कुमार पाल ने बताया कि मुरौल कृषि फार्म के पास बूढ़ी गंडक नदी बांध किनारे शव मिला है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस जहांगीरपुर मुरौल से लेकर पिलखी चौक तक जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरे का वीडियो फुटेज खंगाल रही है। शीघ्र ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। परिजनों की ओर से आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## मासूम के सिर पर एस्बेस्टस गिरने से मौत

**दरभंगा/कटरा, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के अनगोआ गांव में शुक्रवार सुबह सोई हुई बच्ची के सिर पर एस्बेस्टस गिर जाने से बुरी तरह जख्मी हो गई। आनन-फानन में परिजन उसे डीएमसीएच ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उसकी पहचान सुमित ठाकुर की पुत्री आनवी कुमारी (3) के रूप में की गई है। दरभंगा जिले के बेंता थाने की पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया। आनवी के दादा विनोद ठाकुर ने बताया कि बच्ची घर के बरामदे में चौकी पर सोई हुई थी। अचानक एस्बेस्टस का एक हिस्सा टूटकर उसके सिर पर गिर गया। उन्होंने बताया कि पुत्र सुमित दिल्ली में मजदूरी करता है। पुत्री की मौत से मां खुशबू देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।



## मुकेश सहनी ने लगाया बड़ा आरोप - विधानसभा चुनाव में टिकट के लिए अभी से 10-10 लाख रुपए ले रहे सम्राट चौधरी

**पटना, एजेंसी।** बिहार के पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी ने सम्राट चौधरी पर बड़ा आरोप लगाया है. उन्होंने साफ-साफ कहा है कि सम्राट चौधरी जाल बिछा रहे हैं कि 10 लाख रुपए लाओ और विधानसभा के लिए सिफारिश काराओ. उन्होंने कहा यह बिल्कुल सच्चाई है. पूरे भाजपा में यही चल रहा है. इस दौरान उन्होंने भाजपा पर चंदा दो धंधा लो लेकर निशाना साधा.

**सम्राट चौधरी पर निशाना:** सम्राट चौधरी के उस बयान पर जिसमें उन्होंने कहा था कि सभी भ्रष्टाचारियों को ठोक के जेल में डालेंगे. इसपर मुकेश सहनी ने कहा कि बिल्कुल सही कहा है. जिन्होंने कॉर्पोरेट से चंदा लिया जिन्होंने कॉर्पोरेट से चंदा लेकर अपना ऑफिस बनाया उसपर भी कार्रवाई होनी चाहिए. चंदा का धंधा बीजेपी के लोगों ने किया है. जिस कंपनी ने भाजपा को चंदा नहीं दिया उस पर ईडी और सीबीआई की छापेमारी हुई. ऐसे भ्रष्टाचार पर सम्राट चौधरी क्यों नहीं बोलते हैं?

**गिरिराज सिंह के बयान पर पलटवार:** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का मदरसा वाले बयान पर मुकेश सहनी ने कहा कि इन लोगों का वश चले तो मदरसा, गुरुकुल और स्कूल सब को बंद कर देंगे. क्योंकि यह लोग चाहते हैं कि गरीब का बच्चा नहीं पढ़े. शुद्र वाला काम करें. कहा कि अगर मदरसा आतंक का अड्डा है तो केंद्र में बीजेपी की सरकार है. आरोपी को खोजकर कार्रवाई क्यों नहीं करती हैं?

## समस्तीपुर समेत बिहार के इन 10 जिलों में स्वीट बेबी कॉर्न लायेगी किसानों के चेहरे पर चमक



**समस्तीपुर, एजेंसी।** बिहार में व्यावसायिक खेती को बढ़ावा देने के लिए समस्तीपुर समेत 10 जिलों में स्वीट बेबी कॉर्न की खेती की जायेगी। इन 10 जिलों में समस्तीपुर में होनेवाली खेती का लक्ष्य कृषि विभाग ने तय कर दिया है। साथ ही डीएम व जिला कृषि पदाधिकारी को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार स्वीट बेबी कॉर्न की खेती का काम कराने का निर्देश दिया है। इसे वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही लागू करने का निर्देश है। स्वीट बेबी कॉर्न की खेती कराने का उद्देश्य यह है कि किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी के लिए नगदी फसलों को प्रोत्साहित किया जाये। बाजार में अच्छी कीमत के चलते स्वीट बेबी कॉर्न उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि होगी। योजना का कार्यान्वयन 10 जिलों पटना, नालंदा, गया, समस्तीपुर, वैशाली, बेगूसराय भागलपुर, सुपौल, पूर्णिया व किशनगंज में किया जायेगा।

**किसानों के बीच होगा बीज वितरण :** अनुदानित दर पर बीज वितरण कार्यक्रम को सम्मिलित किया गया है। बीज वितरण के लिए कृषकों का चयन कर किया जायेगा। किसानों को ससमय बीज उपलब्ध कराने की जवाबदेही जिला कृषि पदाधिकारी की होगी।

# अररिया में एक तरफा प्यार में युवती की हत्या



**अररिया, एजेंसी।** अररिया में एक तरफा प्यार में युवती की हत्या कर दी गई। उसका शव घर से कुछ दूरी पर पेड़ से लटका मिला। शव को देखने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों इसकी जानकारी भरगामा थाना पुलिस को दी। घटना भरगामा प्रखंड क्षेत्र के मनुल्लाहपट्टी पंचायत के वार्ड संख्या 6 की है। मृतका की पहचान संजय पासवान की बेटी गुड़िया कुमारी (18) के रूप में हुई है। 10 जून को उसकी शादी होनी थी। परिजनों का कहना है कि शुक्रवार सुबह हमेशा की तरह टहलने निकली थी। इसी दौरान पड़ोस के ही एक युवक ने उसका अपहरण कर लिया और गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद उसी के दुपट्टे से शव को पेड़ से लटका दिया। पहले भी वो शादी तोड़ने का प्रयास कर चुका था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### घर से टहलने निकली थी

मृतका के चाचा विजय पासवान ने बताया कि उनकी भतीजी गुड़िया कुमारी शुक्रवार की सुबह करीब चार बजे घर से बाहर टहलने निकली थी। इसी दौरान पहले से घात लगाए पड़ोसी रामदेव पासवान का पुत्र किशन कुमार ने उसके मुंह में कपड़ा डालकर अपहरण कर लिया। फिर गले में दुपट्टा लगाकर हत्या कर उसके शव को एक पेड़ पर टांग दिया।

### शादी के कार्ड भी छप चुके थे

गुड़िया के पिता संजय पासवान के मुताबिक, गुड़िया इंटर की छात्रा थी और उसकी शादी रानीगंज थाना क्षेत्र के हांसा पंचायत में आगामी दस जून को होनी थी। उसकी शादी का कार्ड भी छप चुका था।

### रिश्ता तोड़ने का भी किया प्रयास

संजय पासवान ने बताया कि एक महीने पहले उसका फलदान हुआ था। इस बात की जानकारी किशन कुमार को भी थी। इसी बीच किशन ने अपने सहयोगी के साथ मिलकर उसका रिश्ता भी बिगाड़ने का प्रयास किया था। जिस पर मेरे संबंधी सुभाष पासवान ने हम लोगों को इसकी जानकारी भी दी थी। उन्होंने बताया कि शगुन का कपड़ा फर्नीचर और जरूरत का सामान भी लड़के पक्ष को दे दिया गया था। घर में उसकी शादी की तैयारी शुरू हो चुकी थी, लेकिन गुरुवार रात इस घटना ने पूरे परिवार को मर्माहत कर दिया।

### रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई

थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया शुरुआती जांच में मामला संदेहास्पद प्रतीत होता है। मृतका के गले के आगे वाले हिस्से पर रस्सी का गहरा जख्म दिख रहा है। जबकि गले के पीछे वाले हिस्से पर कोई भी निशान मौजूद नहीं है। जबकि प्रशासन के पहुंचने से पहले हीं ग्रामीण व परिजन के सहयोग से शव को पेड़ से उतार लिया गया था। फिलहाल परिजन की ओर से आवेदन नहीं दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नर्सिंग होम व अल्ट्रासाउंड संचालकों की जाँच कार्यवाही या दिखावा

**गुरुवार को योगापट्टी के एक प्रसूता की मौत की खबर के बाद नींद से जागे अधिकारियों ने आज विभिन्न नर्सिंग होम व अल्ट्रासाउंड की जाँच की वास्तव मे देखा जाय तो यह कारवाई सिर्फ दिखावे की है क्यूँकी लोगों का ऐसा मानना है सभी अवैध केंद्र बिना अधिकारियों के संरक्षण के चलना संभव नहीं है**

चाणक्यभूमी योगापट्टी



योगापट्टी प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहों पर बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर स्थानीय सीएचसी प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने शनिवार को योगापट्टी के करीब आधा दर्जन अस्पताल की जांच की गई । आपको बता दे की योगापट्टी सीएचसी व फहतेपुर चौक पर अवैध तरीके से दर्जन से अधिक अल्ट्रासाउंड सेंटर व अवैध नर्सिंग होम संचालित हो रहा है। जहां पर आए दिन मरीजों के मौत की खबर सामने भी आ रही है। वही आपको बता दे कि बीते बृहस्पतिवार के दिन सोनबरसा गांव से एक महिला आई थी। जाहा निजी क्लीनिक रिशु चाइल्ड केयर में नवजात बच्चा का मौत होने के बाद परिजनों के द्वारा जमकर हंगामा भी किया गया। वही फहतेपुर नवलपुर आदि जगहों पर बीएएमएस चिकित्सा सर्जरी का बोर्ड लगाए हुए हैं। वही सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अब्दुल गनी ने बताया कि जांच के बाद सभी संचालकों से कागज़ात की मांग की गई है। इसके मिलने के बाद एक रिपोर्ट विभाग को भेजा जाएगा । वहीं उन्होंने बताया कि जनता पैथोलॉजी का रजिस्ट्रेशन नहीं है रतन हेल्थ केयर सेंटर का कोई कागजात नहीं था भारत अल्ट्रासाउंड का 26 जुलाई तक लाइसेंस है सोनाली अल्ट्रासाउंड बंद पाया गया वहीं रिशु चाइल्ड केयर कोई काम करने वाला नहीं था मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी अब्दुल गनी अस्पताल प्रबंधक शैलेश कुमार सिंह , अकाउंटेंट सतीश कुमार यदि लोग उपस्थित थे।

## महानागन्नी केंद्र संख्या 138 की सहायिका के निधन पर संघ ने की आर्थिक मदद

चाण्क्य भूमि( मझौलिया)

मझौलिया। बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन की तरफ महानागन्नी की सहायिका उषादेवी के परिजनों कोकुल 23,550/रुपये की सहायता राशि भेंट की गयी।जानकारी आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की प्रखण्ड अध्यक्ष रीना देवी ने दी।उन्होंने बताया कि बिगत 05 मई को महनागन्नी पंचायत के केंद्र संख्या 138 की सहायिका उषा देवी की असामयिक मौत हो गई थी।अतएव संघ की ओर से उक्त सहयोग राशिउनके परिजनों को आर्थिकमदद के रूप में दी गयी। इस अवसर पर अध्यक्ष रीना कुमारी के अलावे सावित्री कुमारी महासचिव, इंदु देवी राधा देवी आशा कुमारी मुस्ताक अहमद, विजय कुमार, सत्यदेव राय, जय सिंह राम, इलियास , योगेंद्र राम आदि शामिल रहे।सबो ने सरकारी अनुदान 04 लाख रुपये देने की मांग की।

## अमवामन के निकट विकलांग युवक का शव मिला

**मझौलिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा**

चाण्क्य भूमि(मझौलिया)

मझौलिया।शनिवार को एनएच 727 के अमवा मन झील के पास एक पगडंडी के किनारे दिबयांग युवक संदीप कुमार (24) वर्ष का शव पुलिस ने बरामद किया। जानकारी इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने दी।उन्होंने कहा कि उक्त युवक की मौत प्रथम दृष्ट्वा जहर खाने से हुई है।शव को जीएमसीएच बेतिया में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।उन्होमे बताया किमृत युवक का शिनाख्त हरसिध्दि थाना क्षेत्र के कोबया कान्ही टोला निवासी दहाड़ी सहनी के पुत्र के रूप में की गयी है।वह चेक का शर्ट और भगवा रंग का पेंट पहना है।उसके घर पर कोई नही है।पिताजी और भाई बाहर रहते है।परिवार में और कोई सदस्य नही है।उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा।पोस्टमार्टम के बाद शव को पुलिस सरंक्षण में रखा जायेगा।

## आशा दिवस पर कार्यकर्ताओ को मिला किट

चाण्क्य भूमि(मझौलिया)

**मझौलिया**।शनिवार को सीएचसी में आयोजित आशा दिवस पर मिशन परिवार विकास की तरफ से प्रत्येक आशा को योग्य दंपति को देने के लिए आशा किट दिया गया।जानकारी बीसीएम राजेश कुमार ने दी।उन्होंने बताया कि किट के साथ -साथ आशा को तथा फेसिलेटर को एक- एक आशा डायरी दिया गया।जिसमें वे अपनी कार्य प्रतिवेदन नोट करेंगी।किट में योग्य दंपति को देने के लिए ऐनक कंघी समेत सौंदर्य प्रसाधन और छोटा रुमाल है।आशा दिवस पर आशा कार्यकर्ता को चुनाव में ड्यूटी लगाने की बात बीसीएम ने कही।उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर ड्यूटी तो लगेगी परंतु अतिरिक्त मानदेय देय नही होगा।इस पर आशा कार्यकर्ताओ ने पारिश्रमिक दिलाने की मांग की।इस अवसर पर आशा फेसिलेटर शायदा खानम,आशा कार्यकर्ता कनक देवी,कांति देवी,ममता देवी,दुर्गा देवी,आफताब बेगम,कलिमा खातून,जुबैदा खातून समेत अन्य आशा मौजूद रही।




## देह व्यापार एवं के खिलाफ महिल -पुरुषों ने निकाली जागरूकता रैली

चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर

सीमावर्ती नेपाल के त्रिवेणी धाम में बढ़ते देह व्यापार को लेकर नेपाली जनता आक्रोशित है। युथ विजन संस्था के बैनर तले सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष एवं स्कूली बच्चो ने बढ़ते देह व्यापार को लेकर हाथ में स्लोगन लिखे तख्ती लेकर जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान उन्होंने इस कारोबार में संलिप्त लोगों को चेतावनी भी दी। रैली में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अर्जुन अर्याल ने कहा कि धर्म नगरी में अधर्म का धंधा चरम सीमा पर पहुंच गया है। वहीं सीमावर्ती क्षेत्र में प्रतिबिंबित दवाओ की ओर युवाओ में रूझान बढ़ा है। उन्होंने देह व्यापार करने वालों को आगाह किया है कि वे सावधान हो जाएं। देह व्यापार एवं प्रतिबंधित दवाओं के सेवन के खिलाफ सैकड़ों महिला-पुरुषों विरोध प्रदर्शन किया है। हालांकि नेपाल पुलिस की सक्रियता के बाद इस क्षेत्र में देह व्यापार का धंधा कुछ दिनो के लिए बंद हो गया था। लेकिन आजकल यह धंधा पुनः शुरू हो गया है। जिससे त्रिवेणी धाम समेत आसपास का माहौल दूषित हो रहा है। पुलिस की कार्रवाई से इस कारोबार में कमी आ जाती है। परंतु पुलिस की सख्ती थमते ही कारोबारी पुनः सक्रिय हो जाते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से प्रतिबंधित दवाओ की बिक्री, एवं वेश्यावृत्ति, अपराध पर अंकुश लगाने की मांग की। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने का भी आह्वान किया गया है।त्रिवेणी धाम को देश-विदेश में धर्म और आस्था की नजर से देखा जाता है।कुछ लोग यहां की आबोहवा को दूषित करने का कार्य कर रहे हैं। यहां के कुछ होटलो में देह व्यापार का धंधा फल-फूल रहा है। त्रिवेणी धाम क्षेत्र में युवा प्रतिबंधित दवा के आदि हो रहे हैं। जिसके कारण युवाओं का भविष्य भी खतरे में आ रहा है। इस तरह के मामले से त्रिवेणी धाम की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी धाम आने वाले श्रद्धालु यहां से अच्छी तस्वीर लेकर नहीं जा रहे हैं। इसको लेकर सभी को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। मौके पर दूमकीवास नेपाल के पुलिस निरीक्षक पद्मबहादुर थापा, एसआई सानू विष्ठ, एएसआई नारायण यादव, हेड कांस्टेबल दिनेश यादव, एपीएफ निरीक्षक विवेक लामीछाने, विश्वमर्दन शाह, राम राना, राजू आले मगर, नीरज श्रेष्ठ पिकल थापा आदि मौजूद रहे।

## महागठबंधन के लोक सभा चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

चाणक्य भूमि मोतिहारी।

अनपूर्णा परिवार के प्रो रामेश्वर साह के सहयोग से मोतिहारी द्वारदेवी चौक पर लोक सभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ। कार्यालय का उद्घाटन मोरवा विधायक सह बिहार प्रदेश राजद के प्रदेश प्रधान महासचिव माननीय रणविजय साहू, मनोज कुमार यादव कल्याणपुर विधायक सह जिला अध्यक्ष राजद पूर्वी चंपारण एवम प्रीति कुमारी मेयर मोतिहारी नगर निगम ने फीता काटकर संयुक्त रूप से किया। इस अवसर सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता रामेश्वर साह अनपूर्णा परिवार तथा संचालन ई ललन साह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक सह तैलिक साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष रणविजय साहू ने कहा की महागठबंधन के कारण मुझ तेली समाज के बेटा को तेजस्वी यादव ने टिकट देकर विधायक बना दिया और आपलोग डा राजेश कुमार को जिताकर मुझे नेता बना दीजिए ताकि ये संदेश समाज को जाए की वैश्य समाज को ठगने वाली भाजपा के साथ वैश्य नही है वैश्य समाज के एवम बिहार के एकमात्र महिला सांसद का भाजपा ने टिकट काट कर



**• उद्घाटन के अवसर पर अनपूर्णा परिवार के रामेश्वर साह ने कहा कि वैश्य समुदाय ने महागठबंधन प्रत्याशी को जिताने का निर्णय किया है**

समाज का अपमान किया। अपने समाज के प्रियंका जायसवाल, बबलू गुप्ता, अंजू देवी एवम सुनील कुमार पिंटू को भी भाजपा ने धोखा दिया। इसका जवाब देने का समय आ गया है। सभा को संबोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की राधा मोहन सिंह ने वैश्य समाज को सिर्फ ठगा है सम्मान नही दिया। आज वैश्य समाज गोलबंद हॉकर भाजपा को ज़बाब दे। प्रीति कुमारी ने कहा की डा राजेश कुमार स्वच्छ और बेहतर उम्मीदवार है चाचा अब सेवानिवृत हो गए हैं इसलिए मोतिहारी के वैश्य समाज एकजुट होकर उन्हें जिताए ताकि मोतिहारी का सर्वांगीन विकास हो सके। इस अवसर डा संदीप कुमार गुप्ता और सुजीत कुमार श्रीवास्तव ने भाजपा छोड़कर तथा नवल किशोर प्रसाद ने जदयू छोड़कर अपने साथियों के साथ राजद की सदस्यता ग्रहण की। सभा को लखींद्र साह, रघुवर प्रसाद, पूनम देवी पूर्व पार्षद, रामनिहोरा प्रसाद, मदन साह रामचंद्र साह, रामलाल साह प्रमुख कल्याणपुर, राजकुमार प्रसाद पूर्व प्रमुख मोतिहारी, राजीव साह मुक्तिनाथ प्रसाद अवधेश कुमार गुप्ता जय किशोर साह, कमलेश कुमार गुप्ता, अरुण कुमार साह नंदलाल सह मुखिया जितेंद्र साह सरपंच सहित सैकड़ों तैलीक साहू समाज के लोगो ने संबोधित किया।







# केंद्रीय गृह मंत्री के कार्यक्रम की तैयारी जोरो पर

चाणक्यभूमि बेतिया

संजय जायसवाल के समर्थन में वोट मांगने के लिये केंद्रीय गृहमंत्री अमीत शाह रविवार को तीन बजे से बड़ा रमना के मैदान मे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में उनके साथ एनडीए गठबंधन के कई दिग्गज नेता भी शामिल होंगे। इसको लेकर बड़ा रमना मैदान में तैयारी जोर-शोर से चल रहा है। वहीं पुलिस प्रशासन ने भी उनके आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी में जुटी हुई हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव ने बताया कि गृह मंत्री के आगमन को लेकर यहां वाटर प्रुफ जर्मन हैंगर पार्टी की ओर से लगाया जा रहा है। इस जर्मन हैंगर में कम से कम 50 हजार लोगो के बैठने की क्षमता होगी। महिला बुजुर्ग एवं युवाओं को बैठने के लिए अलग-अलग



व्यवस्था की गयी है। लोकसभा संयोजक रवि सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मंच पर एनडीए गठबंधन के सभी दल के दिग्गज नेता मंचासीन रहेंगे। गृहमंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर हैलीपैड रमना मैदान में ही बनाया गया है।जिसकी दूरी मंच से तकरीबन सौ मीटर होगी। उन्होंने बताया कि शनिवार को भाजपा के प्रत्याशी डॉ संजय जयसवाल, राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे,पूर्व डिप्टी सीएम सह बिहार सरकार के मंत्री रेणु देवी, विधायक उमाकांत सिंह सहित कई भाजपा और जदयू के नेता जनसभा के लिए मंच एवं पंडाल की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि जनसभा में गृह मंत्री के साथ प्रदेश के नेता सहित पश्चिम चंपारण जिले के एनडीए के सभी जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद गृह मंत्री दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रतीक एडमिन शर्मा रवि सिंह धनरंजन कुशवाहा अभिषेक यादव धर्मेंद्र सिंह आनंद सिंह राजन सोनी विजय चौधरी राहुल कुमार शिवेंद्र शिबू शहीद दर्जनों कार्यकर्ता तैयारी में जुटे हैं। कल का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा।







## शनिचरी में चुनाव को लेकर संघन वाहन जांच



चाणक्यभूमी योगापट्टी

योगापट्टी प्रखंड में 25 मई को होने वाला लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय थाने की पुलिस ने थाना गेट सामने लौरिया-बेतिया मुख्य सड़क पर वाहन जांच अभियान चलाय। चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से निष्पादित कराने के उद्देश्य से स्थानीय थाना की पुलिस ने अलर्ट मोड़ में है। लोकसभा चुनाव में किसी प्रकार का गड़बड़ी ना हो सके इसके लिए नियमित रूप से विभिन्न चौक चौराहों सहित मुख्य सड़क पर भी पुलिस द्वारा गहन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी देते हुए शनिचरी थानाध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता ने बताया कि 25 मई को लोक सभा चुनाव को लेकर वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर लगातार दो पहिया चार पहिया वाहनों सहित हेलमेट सीट बेल्ट और डिक्की के समान की जांच की जा रही है।

## चार कार्टन कफ सिरप के साथ दो गिरफ्तार



चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

नशीली कफ सिरप के साथ दो आरोपियों को हरैया ओपी द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इसकी पुष्टि करते हुए हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नशीली कफ सिरप की डिलीवरी होने वाली है। सूचना के आधार पर पुलिस ने जाँच शुरू कर दी इसी क्रम में बाजार की तरफ से आ रही मोटरसाइकिल पर चार कार्टन में कफ सिरप लेकर दो व्यक्ती आ रहे थे पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया जिनकी पहचान रक्सौल के सब्जी मंडी निवासी लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता के पुत्र विनय कुमार व काली नगरी वार्ड संख्या 11 निवासी दीपक कुमार के










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714